





# रामनगर के प्राईवेट विद्यालयों में बच्चों के अभिभावकों से किताब ड्रेस के नाम हो रही लूट


## प्रशासनिक तंत्र के संरक्षण चलते स्कूल प्रबंधन के हौसले बुलंद

नवभारत न्यूज

**रामनगर 6 अगस्त। रामनगर अन्तर्गत संचालित कई प्राइवेट विद्यालय संचालित करने वाला प्रबंधन स्कूल को व्यापार बना लिया है। लगभग हर प्राइवेट स्कूल में अलग अलग किताबें का दौर है जिसकी कीमत हजारों में होती है।**


जबकि भारत सरकार द्वारा (हृष्टश्वक्रञ्ज) राष्टीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद है। भारत में एक स्वायत्त संगठन है। जो स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों शैक्षिक सामग्री का प्रकाशन करता है। प्राईवेट स्कूलों में शिक्षा संचार से कहीं अधिक व्यापार संचालित हो चुका है। शासन प्रशासन के आदेश निर्देश रद्दी कागज महज बना हुआ है। इन विद्यालयों की किताबो में जितने पेज औभढ,, नहीं होते उससे कहींऐ दे ज्यादा उन पुस्तकों पर उनके दाम अंकित होते हैं। ये सिर्फ उन विद्यालयो में होते हैं जिनकी किताबें निर्धारित दुकानों तथा उन विद्यालय द्वारा सप्लाई की जाने वाली पुस्तकों में रहता है। जिनके उच्च दामों का










निर्धारित विद्यालयों से ही बेचीं जाने वाली किताबें में बस रहता है।

अमरपाटन और रामनगर में संचालित कई ऐसी विद्यालय है जिनमें कक्षा 01 की किताबो का रेट 1300 से 2000 रूपये तक ननिहाल बच्चों के अभिभावकों से वसूले जाते हैं। तथा बेल्ट टाई जूते ड्रेस का भुगतान लेना अभी बाकी रहता है। जबकि उच्च दामों पर विद्यालयो की किताबें बेचने निर्धारित दुकानों पर मिलने के आधार पर भिंड कलेक्टर ने पांच लाख का विद्यालय संचालको पर जुर्माना ठोका था तथा कठोर कार्यवाही के आदेश जारी किये थे।

जबलपुर कलेक्टर ने भी सराहनीय कार्य करते प्राइवेट स्कूलों मे लगाम कसी थी। निर्धारित रेट तक की किताबें लागू करने तथा किताबो का सेल मेला लगाकर सामाजिक हित में कार्य किया था। किन्तु मैहर जिले के अमरपाटन और रामनगर में प्राईवेट विद्यालयों द्वारा बच्चों की किताबो के नाम पर लूट मचाएं हुए हैं। शिक्षा विभाग के आला ताला अधिकारी कुम्भकरणी नींद पर सोए हुए हैं। यहां विद्यालयों को देखा जाए तो विद्यालय मान्यता की गाइडलाइन भी पूरी नहीं है।

मैहर कलेक्टर रानी वाटड प्राईवेट स्कूलों की किताबो के उच्च दामों पर विक्रय की लूट से साक्षात्कार ही नहीं कर रही। कहीं अगर नजरें प्राईवेट विद्यालयों पर घुमाएं तो कुछ की मान्यता में वाट लगेगा और जुर्माना किया जाना तो लाजमी होंगा।



# मझगवां के मंदिरों की जमीनें अतिक्रमण मुक्त कराने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सतना 6 अगस्त। आज मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव व उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड किसान कांग्रेस के प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने ग्रामीणों के साथ अनुविभागीय (आई.ए .एस.) अधिकारी महिपाल सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा की मझगवां जनपद मुख्यालय व तहसील का मुख्यालय है यहां आए दिन हजारों लोगों का आवागमन बना रहता है।**

प्रभु श्री राम की कर्मस्थली तपोभूमि श्री चित्रकूट धाम का प्रथम द्वार भी माना जाता है लेकिन मझगवां नगर के अति प्राचीन मंदिर जैसे राजाधिराज मंदिर बांके बिहारी मंदिर रेलवे स्टेशन रोड मुख्य बाजार जैसे कई स्थल हैं जो पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में है कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को पत्रों व ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया लेकिन आज दिनांक तक किसी विषय पर ना तो कोई कार्यवाही हुई ना तो उक्त भूमियों को सीमांकन कर चिन्हित कर अतिक्रमण हटाया जाय। पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा राजाधिराज मंदिर का अतिक्रमण हटाए जाने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया गया था। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से लल्लू गौतम पुजारी करुणाधाम मंदिर, सूर्यभान उर्मलिया पुजारी राजाधिराज मंदिर, ठाकुर प्रसाद मिश्रा, सचिन भारती, दिनकर द्विवेदी, कुलदीप पांडेय, ध्रुव पांडेय, राजेश पांडेय, प्रधुमन नारायण मिश्रा, सोभित त्रिपाठी, जावेन्द्र सिंह राहुल सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# माई के दर्शनार्थियों के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**मैहर 6 अगस्त। मैहर में मां शारदा मंदिर जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में दूर दराज से दर्शनार्थी मां शारदा के दर्शन करने आते है लेकिन यहां कुछ दुकानदारों एवं मंदिर प्रांगण में घूमते रहते दलालों के दुर्व्यवहार की वजह से दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर दर्शनार्थी इसका विरोध करता है तो उसका परिणाम दर्शनार्थियों को मार खा कर चुकाना पड़ता है।**

बुधवार की सुबह महाराष्ट्र से मैहर दर्शन करने आए दर्शनार्थी बलराम यादव अपने परिवार के साथ मैहर दर्शन करने पहुंचे थे वही परिवार के सभी लोग कॉम्प्लेक्स में नहाने के बाद पाने वहां सड़क किनारे खड़े थे तभी गाड़ी हटाने को लेकर चाय की दुकान वाला विवाद करने लगा वहीं चाय वाले के दूसरा साथी ने यात्री की पिटाई कर दी । घटना के बाद घबराए यात्री ने दुकानदार की दबंगई से घबरा कर मैहर



दर्शन करे बिना ही वापस जा रहे थे । तभी एक स्थानीय व्यक्ति के द्वारा यात्रियों के साथ हुई घटना की जानकारी लेकर उन्हें मां शारदा मंदिर चौकी तक पहुंचाया जहां पुलिस ने शिकायती आवेदन लेकर आरोपी के खिलाफ 151 के तहत मामला दर्ज कर लिया।


वही थाने में बैठे सिविल ड्रेस में पुलिस अधिकारी ने यात्रियों को झंझट में न पड़ें और मामले को आवेदन तक सीमित रखने की सलाह देते हुए दर्शनार्थियों को बाहर का रास्ता दिखाया । बताया जा रहा है कि यात्रियों के साथ आए दिन होने वाली घटना के बावजूद पुलिस प्रशासन यात्रियों पर कम लोकल दुकानदार पर ज्यादा ध्यान देते है जिसके चलते दर्शन करने आए दर्शनार्थियों पर गलत मैसेज जाता और माई के धाम की बदनामी होती है। देखा जाता है कि दूरदराज से आने वाले यात्रियों के द्वारा ऐसी घटनाएं होने पर यात्री की एफआईआर दर्ज नहीं करते जिससे ऐसे दबंग दुकानदारों के हौसले बुलंद हो रहे है। वही चौकी प्रभारी अरविद द्विवेदी ने बताया कि दर्शनार्थियों के दिए आवेदन के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी रविकांत सोनी पर 151 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।

# ग्रामोदय के छात्र प्यार सिंह बडोले पीईबी की एसटी कैटेगरी के टॉपर

## ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी (आरएचईओ) भर्ती परीक्षा हुई थी

नवभारत न्यूज

**चित्रकुट,6 अगस्त । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के छात्र रहे प्यार सिंह बडोले ने प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित उद्यानिकी विभाग की ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी (आरएचईओ) भर्ती परीक्षा 2024 में एसटी कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया हैं।**



कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने श्री बडोले को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ज्ञातव्य हो कि श्री बडोले ने कृषि संकाय के अंतर्गत संचालित बीएससी (कृषि) पाठ्यक्रम वर्ष 2020-21 में पूर्ण किया था। पूर्व छात्र प्यार सिंह बडोले को मिली इस सफलता से ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में भारी प्रसन्नता है। कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो डी पी राय सहित शिक्षकों ने खुशी जताई है। बडोले मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के ग्राम मांडव के निवासी हैं। इनके पिता शांति लाल बडोरे किसान है।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**मझगवां 6 अगस्त। आज दिनांक को शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी कार्यक्रम जैसे हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल मझगवां की बैठक मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह धुर्वे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।**



बैठक में जिला मंत्री लव सिंह गोंड , जिला कार्यसमिति सदस्य अभय प्रताप सिंह , शिक्षा प्रकोष्ठ के जिले के मीडिया प्रभारी जितेन्द्र द्विवेदी उपस्थित रहे। मंडल के महामंत्री निखिल गौतम , मंडल उपाध्यक्ष राजकिशोर द्विवेदी ,उपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष अरुण द्विवेदी ,उपाध्यक्ष राहुल उपाध्याय, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सालिग जायसवाल ,कार्यालय मंत्री धर्मराज प्रजापति, मंडल मंत्री श्रीमती मीरा पांडेय, श्रीमती तीजिया कोल, मंडल कार्यसमिति सदस्य संगीता सिंह, संयोजक राजू सिंह ,हाकिम सिंह ,अभिलाष ,दशमत सिंह एवं आदि कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### राज्यपाल ने दिया मैहर कलेक्टर को प्रषस्ति पत्र

**मैहर.** मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर जिले को निर्धारित लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण पर मैहर कलेक्टर रानी बाटड को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। सतना से अलग होने के बाद मध्यप्रदेश शासन द्वारा मैहर जिले के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर 2024 को 4 लाख 57 हजार 600 रूपये संग्रहण का लक्ष्य रखा गया था। कलेक्टर के विशेष प्रयास से प्रथम बार में ही मैहर जिले में लक्ष्य से अधिक 7 लाख 87 हजार 462 रूपए की राशि वर्ष 2023-24 के लिए संग्रहित हुई है। इसके अलावा 1 लाख 5 हजार रूपये सहयोग राशि देने के लिए मैहर के सूर्यप्रकाश चौरसिया को भी राज्यपाल द्वारा शील्ड और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कलेक्टर की अनुपस्थिति में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) ने राज्यपाल से यह सम्मान प्राप्त किया था।



### एसबीआई में पार्किंग न होने से परेशानी

**नागौद।** नागौद नगर में भारतीय स्टेट बैंक के सामने बिना हिसाब के वाहन चालकों द्वारा अपने वाहन बीच सड़क में खड़ा कर आने जाने वाहनों की आवाजाही में परेशानी पैदा कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने आज तक वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था नहीं की है ।इइस और ना प्रशासन व भारतीय स्टेट बैंक ध्यान दे रहा है ।कभी भी दुर्घटना हो सकती है ।

### स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**मैहर.** मैहर जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे से उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में आयोजित होगा। आयोजन के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। कलेक्टर रानी बाटड ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती चंचल नागर, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह, सीएसपी महेन्द्र सिंह सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई है। समय से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थायें एवं तैयारियां पूर्ण कर ले। सभी शासकीय कार्यालयों में प्रातः 8 बजे तक ध्वजारोहरण की कार्यवाही पूर्ण कर सभी अधिकारी-कर्मचारी मुख्य समारोह में अनिवार्य रूप से शामिल होंगे।

# गौवंशों की सुरक्षा एवं उनके उचित प्रबंध को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 6 अगस्त । चित्रकूट धाम मध्य प्रदेश सुरभि गौशाला से रामसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता ओमराज तिवारी, भाजपा मंडल के महामंत्री निखिल गौतम ने मझगवां एसडीएम से भेंट कर चित्रकूट गौ सेवा गोचर भूमि, निराश्रित एवं घायल गोवंश की बदहाल स्थिति को लेकर विशेष आग्रह एवं गहरी चिंता व्यक्त की।**

प्रतिनिधि मंडल ने चित्रकूट निराश्रित गौवंश के संरक्षण के संबंध में पत्र सौंपते हुए कहा कि चित्रकूट क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में बरसात के समय प्रतिदिन रोड दुर्घटना ग्रसित घायल, बीमार व असहाय गोवंश सड़कों पर तड़पते देखे जा सकते हैं, वर्तमान समय में बरसात के कारण काफी गोवंश रोड सड़क पर बैठते हैं जिससे काफी ज्यादा गोवंश घायल एक्सीडेंटल एवं जनहानि भी हो रही है । पत्र में



निवेदन किया कि गौशाला के लिए उचित गोचर भूमि मुहैया कराई जाए जिससे आगे फसल भी आने वाली है निराश्रित गोवंशो द्वारा फसल नष्ट होगी किसान परेशान होंगे, इसलिए चित्रकूट की निराश्रित गौवंशो के लिए गोचर भूमि जिसमें सुचारू रूप से गोवंश की सेवा चिकित्सा व संरक्षण किया जा सके, गोवंश रोड एक्सीडेंट के दौरान या बीमारी के दौरान मृत्यु हो रही हैं उनके लिए सम्मानित पूर्वक समाधि संस्कार के लिए भूमि नियत की जाये, उन्होंने यह भी कहा कि चित्रकूट जैसे धर्मनगरी में गौसेवा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, क्योंकि यह न केवल धार्मिक, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है।

अपेक्षा है कि गोवंश संरक्षण हेतु ठोस योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, जिससे पीड़ित गोवंश को संजीवनी मिल सके और नगर की धार्मिक मर्यादा भी बनी रहे। मझगवां एसडीएम ने बातों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र ही इस दिशा में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मझगवां तहसील अध्यक्ष बनाए गए पुष्पेन्द्र गुप्ता

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 6 अगस्त । राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय अध्यक्षा पुनम सिंह के एवं (राष्ट्रीय संगठन प्रभारी) भागवत दुबेदी मप्र अध्यक्ष ऋषिकेश त्रिपाठी और नरेंद्र पांडे मप्र महामंत्री ,प्रमोद गुप्ता प्रदेश मीडिया प्रभारी मप्र , रवि गुप्ता संभाग अध्यक्ष की सहमति से पुष्पेन्द्र गुप्ता को मझगवां तहसील अध्यक्ष बनाए गए हैं।**



श्री गुप्ता को संगठन के सभी पदाधिकारीयों ने व्हाटशॉप, इंस्ट्राग्राम? के माध्यम से शुभकामनाए दिए । जिसमें सतना जिले की महिला बिंग अध्यक्ष पूजा द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र पाठक, जिला सचिव वीरेंद्र गुप्ता, जिला प्रभारी प्रसन्न मिश्रा कार्यवाहक अध्यक्ष किशन दुबे, उपाध्यक्ष शिवम शुक्ला, ब्लाक अध्यक्ष मझगवां मोहन स्वरुप चौबे, अध्यक्ष उचेहरा अतुल गौतम, कोटर अध्यक्ष संजय तिवारी, बिरसिंहपुर अध्यक्ष अजय तिवारी, कोठी अध्यक्ष रामहृदय त्रिपाठी, नागौद अध्यक्ष संदीप शुक्ला, ब्लाक अध्यक्ष सोहावल बलभद्र मिश्रा राहुल, पत्रकार नागेंद्र द्विवेदी कोटर उपाध्यक्ष अंकित दुबे ,मझगवां तहसील मीडिया प्रभारी नारायण गुप्ता वा अन्य लोग बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए।

# क्रिकेट संघ में खिलाड़ियों के पंजीयन शुरू

नवभारत न्यूज

**मैहर 6 अगस्त। जिला क्रिकेट संघ मैहर में खिलाड़ियों के पंजीयन 7 अगस्त से प्रारंभ होगें जो आगामी 25 अगस्त तक जारी रहेंगे।**

जिला क्रिकेट संघ के सचिव ने बताया कि जिला क्रिकेट संघ एवं संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य है जिसमें




25 अगस्त तक सत्र 2025-26 के लिए क्रिकेट खिलाडियों के पंजीयन की प्रक्रिया की जायेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ी पंजीयन हेतु जेल रोड स्थित क्रिकेट स्टेडियम जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय से पंजीयन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। क्रिकेट संघ की वार्षिक गतिविधियों में केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को पंजीयन हेतु आधार कार्ड, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, पिछले तीन शिक्षा सत्र की अंकसूची संलग्न करना आवश्यक होगा।

# बिजली विभाग का बड़ा कारनामा :दस लाख का बिल 50 हजार में निपटाया

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 6 अगस्त। बिजली विभाग में अक्सर मनमाने बिल आने पर उपभोक्ताओं को परेशान होते देखा जा सकता है लेकिन बीच एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सबको चौंका दिया है। अगर विभाग में जुगाड़ हो तो लाखों का बिल भी दो चार हजार रुपये में भी निपट सकता है।**

विभागीय अधिकारियों पर 10 लाख से अधिक का बिल 50,000 और तीन लाख से अधिक का बिल डेढ़ हजार में निपटाने के आरोप लगा है। इसकी शिकायत एमडी कार्यालय तक की गई है। यहां तक कि विभागीय लिपिक ने भी इस पर शक जाहिर करते हुए विभागीय अधिकारियों से सोशल ऑडिट कराने के लिए पत्र लिखा




है। बरवारा गांव के सुनील कुमार ने बिजली विभाग के एमडी पंकज कुमार समेत अन्य उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि राजापुर अधिशासी अभियंता कार्यालय से लाखों के बिल को जुगाड़ से हजारों में कर उपभोक्ता से मोटी रकम ली जा रही है। साथ ही राजस्व का क्षति भी पहुंचाई जा रही है। उन्होंने तीन नाम बिल व कनेक्शन नंबर के साथ आरोप लगाया कि कॉमार्शियल के तीन अगस्त 2024 के एक तीन लाख से अधिक के बिल को इसी महीने में मात्र 1437 रुपये जमा कराकर फाइनल किया गया।

इसी प्रकार 26 मई 2025 के दो लाख 59 हजार से अधिक के बिल को जुलाई माह में मात्र 12,558 रुपये में फाइनल किया गया। इसी प्रकार जुलाई 2024 के 10 लाख से अधिक के बिल को 50,000 जमा कराकर फाइनल किया गया है। आरोप लगाया कि अधिशासी अभियंता भी इसमें शामिल हैं। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। इस मामले में राजापुर अधिशासी अभियंता शिवकुमार ने बताया कि हां आरोप तो लगे हैं, उनसे पूरी रिपोर्ट मांगी गई है। जल्द ही रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। प्रभारी एसई (सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर) मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। इसकी जांच कराने के पूर्व सारे कागजात एकत्र किये जा रहे हैं।

### बिल संशोधन के जांच की मांग



चित्रकूट। इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह भी सामने आया है कि बिजली विभाग राजापुर में तैनात एक लिपिक ने भी जांच कराने की मांग की है। अधिशासी अभियंता को लिखे पत्र में लिपिक ने बताया कि बिल संशोधन में विभागीय नियमों की अनदेखी हो रही है। इससे राजस्व का क्षति की संभावना है। बिल संशोधन की जांच कराने के लिए अधिकारी जांच कराएं जिससे क्षति पहुंचाने वाले अधिकारी व कर्मचारी पर लगाम लगाई जा सके।